**सुविचार**

सोच का ही फ़र्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मज़बूत बनाने आती हैं

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-25 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 28 जुलाई 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## झूठा या तंग करने के उद्देश्य से लगाए गए वाद का खर्च भी मिलता है पक्षकार को जानिए/CPC.....

बहुत से मामले ऐसे होते हैं जो आपसी रंजिश के तहत लगा दिए जाते हैं जैसे की जमीन संबंधित विवाद, संपत्ति, पैसे के लेने देन, तलाक संबंधित वाद आदि ऐसे बहुत से सिविल मामले होते हैं जो व्यक्ति को परेशान करने के उद्देश्य से कोई भी व्यक्ति किसी भी पक्षकार पर जबर्दस्ती अधिरोपित कर देता है। लेकिन न्यायालय में न्याय सही किया जाता है क्योंकि न्यायालय सबूतों, एवं गवाहों और जांचों के आधार पर किया जाता है ऐसे में कोई पक्षकार किसी व्यक्ति पर झूठा एवं तंग करने वाला वाद लगा देता है और न्यायलय में यह बात भी साबित हो जाती है तब व्यथित पक्षकार के नुकसान की भरपाई न्यायालय किस कानून के अंतर्गत करेगा जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 35(क) की परिभाषा:** न्यायालय मिथ्या या तंग करने वाले दावों या प्रतिरक्षाओ के लिए प्रतिकारात्मक खर्च प्रभावित व्यक्ति को प्रदान करवा सकती है,कितने प्रतिकारात्मक खर्चे प्रदान करवाना है प्रभावित पक्षकार को यह न्यायालय के विवेकाधिकार पर है । वेंकट स्वामी बनाम लक्ष्मी नारायण मालमे में न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया है कि प्रभावित पक्षकार को प्रतिकर( अनुदान) खर्च प्रदान किया जाना चाहिए।

**विशेष नोट-** इस धारा के अंतर्गत प्रतिकारात्मक खर्च सिर्फ वादों पर ही दिया जाता है किसी अपील या पुनः निरीक्षण मामले में नहीं।

## आम व्यक्ति को कब पुलिस और मजिस्ट्रेट की सहायता का कानूनी अधिकार प्राप्त होता है जानिये/legal advice...

हमारा देश भारतीय संविधान के अनुसार चलता ओर भारतीय संविधान की प्रस्तावना ही ÷हम भारत के लोग,, से प्रारंभ होती है। इसलिए भारत की जनता को भी भारतीय कानूनों में बहुत सारे संवैधानिक अधिकार दिए गए हैं उनमें से जनता को पुलिस और मजिस्ट्रेट की सहायता करने का अधिकार दण्ड प्रक्रिया संहिता में प्राप्त हैं जानिए।



- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान मोबाईल 7999293638

**दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धार 37 की परिभाषा?**

उक्त के अंतर्गत भारत के व्यक्ति को पुलिस एवं मजिस्ट्रेट की सहायता करने का निम्न प्रकार से अधिकार प्राप्त है जानिए-

**(क).** कोई ऐसा आरोपी या अपराधी जिसे मजिस्ट्रेट या पुलिस गिरफ्तार करने का अधिकार रखते हैं, तब ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी करवाने में सहायता करना।

**(ख).** कोई व्यक्ति जो परिशांति भंग करता है तब उसे पकड़कर पुलिस या मजिस्ट्रेट को सौपना।

**(ग).** किसी रेल, नहर, डाकघर, शासकीय टेलीफोन तार, या लोकशान्ति को क्षति पहुंचाने के प्रयत्न का निवारण करने के लिए।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दी केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह को विदाई



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह को राजकीय विमानतल पर भावभीनी विदाई दी। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा तथा सांसद श्री वी.डी. शर्मा भी उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह 26 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर भोपाल आए थे।

# जब भाई मुख्यमंत्री हो तो बहन नंगे पांव क्यों चलें: मुख्यमंत्री श्री चौहान

**अपने हाथों से तेंदूपत्ता संग्राहक बहनों को पहनाईं चप्पलें**

**लाड़ली बहना योजना नहीं बल्कि एक क्रांति**

**सिंगरौली की बैगा जनजाति अति पिछड़ी जनजाति में शामिल होगी**

**भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जब मेरी तेंदूपत्ता संग्राहक बहने नंगे पांव जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ने जाती थीं और उनके पैर में काँटा चुभता था तो मुझे बहुत दर्द होता था। भाई मुख्यमंत्री हो, तो बहन नंगे पैर क्यों चले। इसे ध्यान में रख हमने मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना बनाई। योजना में प्रदेश के 15 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहनों को चप्पल, साड़ी, पानी की कुप्पी दी जाती है। अब निर्णय लिया गया है कि संग्राहकों को छाता भी दिया जाये। इसके लिये 200-200 रूपये की राशि उनके खातों में भिजवाई जा रही है।**



### मुख्यमंत्री श्री चौहान की प्रमुख घोषणाएँ

- शासकीय महाविद्यालय परका और सरई में विज्ञान एवं कॉमर्स की कक्षाएँ प्रारंभ होंगी।
- सिंगरौली क्षेत्र में बैगाओं को अति पिछड़ी जनजाति में शामिल किया जायेगा।
- निवास में उप तहसील कार्यालय और कॉलेज खोला जायेगा।
- ग्राम माड़ा रजमिलान, खुटार और सरई में सीएम राइज स्कूल खुलेंगे।

### अमहरा मलगिया डांड से करामी सड़क का लोकार्पण।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सीएम राइज स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों से बेहतर शिक्षा की व्यवस्था होगी। बच्चों को नि:शुल्क किताबें और साइकिलें दी जा रही हैं। मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस सरकार भर रही है। गाँव के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी दी जाएगी। मैं बच्चों की आँखों के सपनों को मरने नहीं दूंगा। प्रदेश में 1 लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में भी हजारों युवाओं को प्रशिक्षण के साथ रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं।

## मप्र के 11 खिलाड़ी करेंगे चीन में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 11 अलग-अलग विधाओं के खिलाड़ी चेगंडू (चीन) में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें नौ खिलाड़ी मध्य प्रदेश की विभिन्न अकादमी से हैं। मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी ऑफ़ एक्सीलेंस के समर दीप सिंह, निधि पवैया, शालिनी चौधरी (सभी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय) अर्जुन वास्कले (एसएनसिटी विश्वविद्यालय), एमपी फेंसिंग अकादमी ऑफ़ एक्सीलेंस के शंकर (रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय रायसेन), अंकित शर्मा (लवली प्रोफ़ेशनल विश्वविद्यालय) तथा मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी ऑफ़ एक्सीलेंस के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे (दोनों गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर) और चिंकी यादव (बरकतउल्ला विश्वविद्यालय) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्यप्रदेश की नंदनी वत्स (रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय) और कुमारी अंतिम यादव (लवली प्रोफ़ेशनल विश्वविद्यालय फगवाड़ा) जूडो में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ी बुधवार की रात को चीन के लिए रवाना हो गये हैं।

## निर्माण कार्य-स्थल पर सूचना-पट्ट अनिवार्य रूप से लगें: कृषि मंत्री




**भोपाल।** किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने जिला पंचायत हरदा में विकास पर्व संबंधी कार्य एवं आयोजन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की जानकारी के लिये निर्माण कार्यों की लागत और कार्यावधि संबंधी सूचना-पट्ट निर्माण कार्य-स्थल पर अनिवार्य रूप से लगाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री दर्शन सिंह गहलोत मौजूद रहे। मंत्री श्री पटेल ने निर्देशित किया कि विकास पर्व के दौरान आगामी 14 अगस्त तक होने वाले विकास कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रमों में जन-प्रतिनिधियों की सहभागिता अनिवार्यत- सुनिश्चित करें।

**संत रविदास समरसता यात्रा का दूसरे दिन गाँव-गाँव में हुआ भव्य स्वागत**

## मुख्यमंत्री ने सिंगरौली के बैढ़न से किया शुभारंभ

- संत रविदास जी के भजनों की प्रस्तुति हुई

**भोपाल।** संत शिरोमणि श्री रविदास जी की समरसता यात्रा का दूसरे दिन पाँच जिलों के सैकड़ों गाँवों में नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह स्थानीय नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से नागरिकों ने खुशी का इजहार किया। यात्रा के दौरान जन-संवाद के माध्यम से संत रविदास के संदेश एवं दर्शन को जनता तक पहुँचाया गया। संत शिरोमणि रविदास समरसता यात्रा 27 जुलाई को प्रथम रूट पर नीमच की यात्रा जो मंदसौर पहुँची है, मंदसौर रूकेगी, द्वितीय रूट पर धार की यात्रा बड़वानी, तृतीय रूट पर श्योपुर की यात्रा मुरैना, चतुर्थ रूट पर बालाघाट की यात्रा सिवनी एवं पाँचवें रूट पर सिंगरौली की यात्रा सीधी में नागरिकों के मध्य पहुँचेगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगरौली के बैढ़न में संत शिरोमणि रविदास जी के पादुका एवं कलश का पूजन-अर्चन कर पाँचवीं यात्रा का शुभारंभ किया। धार जिले के बदनावर में औद्योगिकी नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, मंदसौर के झारड़ा में वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, बालाघाट के लालबर्रा में गो-संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद और पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन, नीमच में विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार और श्योपुर में सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री तुरसनपाल बरैया यात्रा में शामिल हुए। सभी मंत्रीगण और जन-प्रतिनिधियों ने श्री रविदास जी के दर्शन एवं संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आहवान नागरिकों से किया।



### धार

बदनावर में जन-संवाद में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास महाराज का भव्य मंदिर हमारे प्रदेश में बनाया जाना हमारे लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है।

### मंदसौर

संत शिरोमणि श्री रविदास समरसता संदेश यात्रा बुधवार को मंदसौर जिले के झारड़ा से प्रारंभ हुई। वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने यात्रा का स्वागत किया।

### श्योपुर

श्योपुर जिले में समरसता यात्रा सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री तुरसनपाल बरैया, मध्यप्रदेश बाँस एवं बाँस शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं यात्रा के प्रभारी श्री घनश्याम पिरोनिया, विधायक श्री सीताराम आदिवासी ने स्वागत किया।

# सीएम फेलो आदर्श कुमार के संरक्षण में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों ने किया फलदार पौधों का रोपण।





**संवाददाता हल्के वीर**

देवरी। अटल बिहारी वाजपई सुशासन संस्थान भोपाल से संचालित मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के द्वारा मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है, इसी के उपलक्ष में सीएम फैलो आदर्श कुमार जिला रायसेन के संरक्षण में पूरे रायसेन जिले में जनसेवा मित्रों के द्वारा पौधों का रोपण किया जा रहा है। उदयपुरा ब्लॉक से मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र हल्के वीर के द्वारा भी पौधारोपण किया गया इसमें विभिन्न प्रकार की फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है, जो आने वाले समय में मीठे फलों के साथ-साथ शुद्ध वायु भी प्रदान करेंगे। एक जन सेवा मित्रों के माध्यम से लगभग 25 विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया जाना है, जिसमें आम, आमला, इमली, अमरूद, बेर,जामुन, मुनगा, सीताफल एवं अन्य खूबसूरत पौधे जैसे सगुना, तुलसी, पलाश, बांस का मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र ब्लॉक उदयपुरा से हल्के वीर एवं अन्य साथियों ने पौधारोपण किया।

# स्कूल चले हम अभियान के तहत अक्षर साथी हल्के वीर ने दिया एक दिन शिक्षण कार्य में सहयोग





**संवाददाता हल्के वीर**

देवरी। मध्य प्रदेश शासन के द्वारा इस वर्ष स्कूल चले हम अभियान (भविष्य से भेंट कार्यक्रम) के तहत संपूर्ण मध्यप्रदेश में 17 से 19 जुलाई के बीच इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मध्यप्रदेश में स्थापित विभिन्न संस्थाओं एवं युवकों के माध्यम से नजदीकी विद्यालय में 1 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, जिसमें वालंटियर एवं अक्षर साथियों के माध्यम से स्कूल चले हम अभियान को संपन्न किया जा रहा है। एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय चीखली मैं भी भविष्य से भेंट अर्थात स्कूल चले कार्यक्रम रखा गया जिसमें अक्षर साथी हल्के वीर अहिरवार ने उपस्थित होकर शिक्षण कार्य में सहयोग प्रदान किया साथ ही छात्रों को अनुशासन का महत्व एवं शिक्षा का महत्व बताते हुए बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया शिक्षा के अलावा सामाजिक ज्ञान भी बच्चों के साथ साझा किया। एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय चीखली के माध्यम से अक्षर साथी हल्के वीर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया और अक्षर साथी की उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय चीखली के प्रधानाध्यापक श्रीमती नीता ठाकरे, श्री नारायण सिंह रघुवंशी, श्री परसोत्तम पटेल, श्री महेश कुमार ठाकुर, भूपेश कुमार दुबे एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बौद्ध विहार रविदास सहित सभी महापुरुषों के अनुयायियों संगठनों की महाबैठक में जुटेंगे एक सौ दस संस्थाओं के प्रतिनिधिःअमान सिंह नरवरिया

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। प्रदेश की राजधानी भोपाल में रह रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के भगवान, महापुरुषों एवं अपने-अपने अराध्यों को मानने वाले भोपाल में निवास रत हर विधानसभा क्षेत्र में हजारों की संख्या में रह रहे सामाजिक बुद्ध विहार, संत रविदास, संत कबीर, बाल्मीकि महाराज, बाबा गाडसे, सुदर्शन महाराज, सेन महाराज, सहित सभी धार्मिक व आस्था व प्रार्थना स्थलों का भोपाल जैसे महानगर में श्री महेश नंदमेहर, श्री मूलचन्द मेधोनिया, श्री विजय सुराणकर, श्री अजय नारनवरे, श्री राहुल पाटिल, ने चार इमली भोपाल की बौद्ध विहार की संचालिका इन्दु ताई पाटिल के मार्गदर्शन एवं भोपाल की वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती आशा कांवले जी के सहयोग से भोपाल के सैकड़ों बुद्ध विहार व रविदासिया धर्म के अनुयायी के स्थलों का सर्व किया गया। जिसमें सभी अनुसूचित जाति वर्ग सहित अन्य सभी वंचित व पिछड़ी जाति के धार्मिक व सामाजिक स्थानों का सर्व, निरीक्षण किया गया। जिनकी बहुत ही दयनीय और चिंता जनक स्थिति देखी जा सकती है।

एक ओर प्रदेश की सरकार सैकड़ों करोड़ रुपये की लागत से अन्य धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण व जीर्णोद्धार कर रहे हैं। लेकिन दलित शोषितों के स्थलों को संभालने, सुधारने, पुननिर्माण के लिए आर्थिक सहायता न देना। हमारे महापुरुषों व भगवान की उपेक्षा हो रही है। अहिरवार समाज



संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमान सिंह नरवरिया पूर्व टीआई ने भोपाल के अनेकों संत रविदास धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक स्थलों का निरीक्षण कर मांग की है कि हमारे पूज्यनीय महापुरुषों के भी धार्मिक स्थलों को नव निर्माण में योगदान सरकार के द्वारा किया जाना चाहिए। श्री नरवरिया समाज के एक वरिष्ठ अधिकारी रहते हुए उनका पूरा जीवन अनुसूचित जाति व अहिरवार समाज के उत्थान की विचारधारा को लेकर रहा है। जिन्होंने बडे दुख जताते हुए कहा कि की हमें अपने महापुरुषों का भी सम्मान नही मिला है। उन्होंने बताया कि हमारे मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति के अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा आज तक नहीं दिया गया है।

जबकि पूरा परिवार तीन से चौथी पीढ़ी में प्रवेश कर मांग कर रहे है कि महात्मा गांधी जी के आवाहन पर राष्ट्रीय आंदोलन में अंग्रेजी सेना से संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी अमर शहीद वीर मनीराम जी का स्मारक उनके जन्म स्थान चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में बनाया जाये। इसके साथ ही एक देश के लिए कुर्बान देने वाले जो देश की आजादी में रहे उनके परिवारों को अभी तक सरकार द्वारा जैसे सुविधा दी गई है। वैसे ही वीर शहीद मनीराम जी के उत्तराधिकारी सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया (अहिरवार) को दी। जाये। अहिरवार समाज संघ सहित बौद्ध विहार, अनुसूचित जाति की सैकड़ों संगठनों की अपील का श्री नरवरिया जी ने स्वागत कर धन्यवाद दिया है कि मध्यप्रदेश के सभी बौद्ध विहार संस्थान भी सन 19 42 के स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजी सेना से युद्ध लड़कर स्वाभिमान और मातृभूमी पर कुर्बानी देने वाले उपेक्षित वीर मनीराम जी के सम्मान में शहीद परिवार की सहायता कर रहे सम्मानित सामाजिक बन्धुओं को हृदय से आभार करते। तथा अहिरवार समाज के महान पराक्रमी वीर मनीराम जी की जो सम्मान दिलाने में सहयोग करेंगे संगठन व समाज सदैव उनका सम्मान करेगा।

# विधायक कप वॉलीबॉल के लिए विधायक बिसाहूलाल सिंह ने दी सहमति,शीघ्र होगा आयो




अनूपपुर (ब्यूरो)। जिला वॉलीबॉल संघ के जिलाध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जी म.प्र. शासन के मंशानुसार खेल गतिविधियों के व्यापक प्रचार प्रसार एवं खेलो मे जनप्रतिनिधियो के माध्यम से सहभागी बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2023-24 मे दिनांक 27/07/2023 से 13/08/2023 के मध्य विधायक कप के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाना है। जिसके तारतम्य में अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहूलाल सिंह ने विधायक कप वॉलीबॉल पुरुष महिला के लिए अपनी अनुशंसा दी है। जिला वॉलीबॉल संघ के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश पटेल बाबा और स्टेट रेफरी सह सचिव दिनेश सिंह चंदेल जाकर विधायक एवं मंत्री बिसाहूलाल सिंह के गृह निवास में भेंट कर इस आयोजन के लिए सहमति पत्र प्राप्त किए। खेल को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बिसाहूलाल सिंह को जिला वालीबाल संघ के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया जिसमें प्रमुख रुप सेजिला वालीबाल संघ के संरक्षक लक्ष्मण राव ,अरुण कुमार सिंह ,आशीष त्रिपाठी ,पंकज अग्रवाल ,अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ,कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह ,रामखेलावन राठौर संघ के संरक्षक मंडल के दिनेश पटेल ,सचिव रामचंद्र यादव,उपाध्यक्ष अमित शुक्ल ,विनोद विंधेश्वरी प्रसाद पांडेय ,सोमनाथ प्रचेता ,विनोद सोनी ,रमेश तिवारी ,कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव ,सहकोषाध्यक्ष उमेश राय,सह सचिव दिनेश कुमार चंदेल ,मिथलेश सिंह नेताम ,सुमिता शर्मा ,हरिशंकर यादव एवं खेल से जुड़े खेल प्रेमी इत्यादि रहे ।

# मणिपुर की 2 महिलाओं के साथ की गई शर्मसार घटना से देश की कानून व्यवस्था हुई चौपाट

**शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी**



शहडोल। बहुजन गोडवाना पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष श्रवण कुमार चौधरी ने मणिपुर की घटना को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। बहुजन गोडवाना पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष श्रवण कुमार चौधरी ने कहा कि मणिपुर की घटना ने देश को शर्मसार कर दिया है इस घटना ने देश की कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है शर्मसार कर देने वाली घटना को भाजपा परयोजित सरकार की तरफ से वहां के आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है उन्होंने तत्काल मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की पुरजोर मांग की है इतना ही नहीं बहुजन गोडवाना पार्टी वहां के सीएम के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने की भी मांग करती है। बहुजन गोडवाना पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष श्रवण कुमार चौधरी ने केंद्रीय गृहमंत्री को कानून व्यवस्था के क्षेत्र में बेपरवाह बताते हुए कहा कि जब मणिपुर में जाति हिंसा का संघर्ष जारी है मणिपुर जल रही है ऐसे समय में शांति व्यवस्था बहाल करने की जगह इस घटना ने दो महिलाओं के साथ की गई हैवानियत ने नारी जगत का अपमान करने के साथ-साथ कानून की मान मर्यादा को तार-तार कर दिया है पूरा देश इस घटना की निंदा कर रही है राजनीतिक दल के नेताओं में आक्रोश है इस जघन्य हैवानियत की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को फांसी की सजा भी कम है। देश में कोई सुरक्षित नहीं है देश का नागरिक इस घटना से अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है अस्मत लूटी जा रही है देश के प्रधानमंत्री केंद्रीय गृहमत्री आगामी लोकसभा विधानसभा मैं अपनी खाका तैयार करने में मस्त है।

## सत्ता का नशा ??

निरंकुश हो गया शासन नहीं कानून का डर है।
हर जगह अब तबाही है यहां मौतों का मंजर है।
दरिंदे जुल्म करते हैं कोई आवाज नहीं करता।
नशा सत्ता का सिर सर पर है यहां जुल्मों का समंदर है।????
कहीं निर्वस्त्र नारी कर हब्शी बन गए मानव।
लूटने असमत नारी की मानव बन गया दानव।
कभी सोचा नहीं था और ना हमने सुना था कानों से
अच्छे दिन ही ऐसे हैं इतना गिर गया मानव।????

समझ कर नारी को अबला भीड़ में फेंका जाता है।
बहसी भेड़िया बनकर बदन को नोचा जाता है।
मानवता मर चुकी यहां पर यहां बेखौफ है कातिल
न्यायालय में अब किसको न्याय सच्चा मिल पाता है????

कभी हिंदू कभी, मुस्लिम कभी जाति पर है हमला।
कहें संविधान बदलने का करें आवाम पर हमला।
जमे सरकार में नेता ना सीधे बात करते हैं।
यह जनता को लुभाने को करें जुमले पर है जुमला????

मुझे अब लग रहा ऐसा कया मत जल्दी आएगी।
यह सब्र की आंधी बहुत कोहराम मचाएगी।
अभी भी संभलने का मौका अगर संभलना चाहे तो
उबलते के खून को कैसे यह दुनिया रोक पाएगी ??????

करूं कर जोड़कर विनती वतन के नौजवानों से।
जाकर साफ कह दो तुम देश के हुक्मरानों से।
व्यवस्थाठीक कर लेना करो संविधान का पालन।
तुम्हें मालूम पड़ जाएगा जिस दिन निकलेंगे मकानों से????



गोपीलाल अहिरवार

# ब्लड रिक्वॉयरमेंट की पोस्ट से शुरू हुआ अपना भोपाल पेज आज एक लाख फॉलोवर के साथ कर रहे लोगों की मदद

सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसके जरिए कई लोग दूसरों की मदद भी करते हैं। कभी किसी को ब्लड की जरूरत, तो कभी किसी को खाने का सामान पहुंचाने जैसी पोस्ट हम अक्सर सोशल मीडिया पर देखते हैं। कई लोग हैं, जो इनके जरिए लोगों की मदद करते हैं, लेकिन एक पोस्ट आपके सोचने की दिशा बदल दे और आपको जीवन का मकसद मिल जाए, ऐसा कम ही देखने में आता है। हमारी आज की सोशल मीडिया पर्सनालिटी डॉ अरुणेश्वर सुनहरा की कहानी कुछ ऐसी ही है।

### मैडम को मिला ब्लड, शुरू हुआ सोशल मीडिया का सफर

डॉ अरुणेशवर एक सरकारी मेडिकल ऑफिसर हैं। उन्होंने बताया कि 2016 में ब्लड कैंसर से पीड़ित अपनी एक मैडम के लिए फेसबुक पर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने लिखा कि उन्हें खून की जरूरत है। इस पोस्ट का प्रभाव इतना था कि कई लोगों ने मैडम के लिए ब्लड डोनेट किया। डॉ अरुणेश्वर ने बताया कि इसके बाद मुझे लगा कि कुछ ऐसा करना चाहिए, जिससे भोपाल के लोगों की मदद कर पाएं। 2016 में ही मैंने इंस्टाग्राम पर अपना भोपाल नाम से पेज बनाया और कई लोगों को फॉलो करना शुरू किया। मैं रोज पोस्ट करता था। एक महीने तक ऐसा ही चला, मैंने लोगों को फॉलो किया और कई लोगों ने फॉलो बैक किया। जो पोस्ट डालता, उन पर रिस्पांस भी अच्छा आने लगा। एक महीने में 1000 के करीब फॉलोवर हो गए, तो एक पेड प्रमोशन मिला। उस पेड प्रमोशन के बाद मैंने सोचा कि इस पेज को प्रोफेशनली भी किया जा सकता है। वहां से प्रोफेशनली जर्नी शुरू हुई। ब्लड डोनेशन के पोस्ट करते थे, तो फिर हमने एक एनजीओ भी बनाया। अपने एनजीओ के जरिए अब तक हम 15000 यूनिट ब्लड अरेंज करवा चुके हैं।



### टीम में हैं 50 सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर

डॉ अरुणेश्वर ने बताया कि अपना भोपाल की टीम में 50 सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर जुड़े हैं। हमारा इंफ्लुएंसर ऐसोशिएशन ऑफ भोपाल भी है, जहां हम इंफ्लुएंसर मीट आयोजित करवाते हैं। अभी तक हम 52 इंफ्लुएंसर मीटर करवा चुके हैं। अपना भोपाल की टीम में जो इंफ्लुएंसर जुड़े हैं, उन्हें हम रिक्वायमेंट या प्रमोशन के हिसाब से अलग-अलग जगहों पर भेजते हैं। एक वैन्यू पर 10 से 20 इंफ्लुएंसर जाते हैं, वह कम्प्लीट कंटेंट तैयार करते हैं। हम अपने क्लाइंट का पूरी तैयारी के साथ प्रमोशन करते हैं। क्लाइंट का रिव्यू भी यही है कि हमारे प्रमोशन के बाद उनकी सैलिंग बढ़ जाती है।

### कई तरह के ईवेंट भी और पेज भी

डॉ अरुणेश्वर ने बताया कि हम पेज के साथ ही कई तरह के ईवेंट भी आयोजित करवाते हैं। अब तक डॉ अरुणेश्वर की टीम 25 से 30 ओपन माइक ऑर्गनाइज कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि ओपन माइक में किसी भी आर्टिस्ट से कोई चार्ज नहीं लिया जाता है। इसके अलावा वह फैशन ईवेंट भी आयोजित करवाते हैं। इसके अलावा



डॉ अरुणेश्वर ने बताया कि अपना भोपाल पेज पर भोपाल के जो अच्छे आर्टिस्ट हैं, हम उन्हें अपनी धरोहर मानते हैं और उनका फ्री में प्रमोशन करते हैं। अपना भोपाल की टीम के अलावा डॉ अरुणेश्वर ने मध्यप्रदेश के ज्यादातर जिलों के इंस्टाग्राम पर पेज बनाए हैं और हर जगह की अपनी एक टीम है। अपना उज्जैन, अपना ग्वालियर, अपना गुना, अपना सीहोर इस तरह के नामों से अलग-अलग जिलों के पेज हैं, जहां पर लोगों की मदद के साथ ही ब्रांड प्रमोशन भी किया जाता है।

### इंफ्लुएंसर बनने के लिए निरंतर काम करना जरूरी

डॉ अरुणेश्वर के अनुसार, अगर आप इंफ्लुएंसर बनना चाहते हैं, तो उसके लिए आपको एक क्षेत्र निर्धारित करके उस पर लगातार काम करने की जरूरत है। जब आप लगातार कंटेंट क्रिएट करते हैं और पोस्ट करते हैं, तो धीरे-धीरे आपके फॉलोवर बढ़ने लगते हैं। भले ही शुरुआत में आपके फॉलोवर कम हों, लेकिन आप निराश न हों और काम करते रहें। अगर कोई काम जैसे एडिटिंग आदि नहीं आती है, तो कई टूल्स और एप हैं, जिनसे आप अच्छी एडिटिंग कर सकते हैं।

## ना तुम हा कह रही हो

ना तुम ना कह रही हो
तो कैसे समझू तेरे दिल की बाते
तुम क्या कह रही हो
कैसे समझू
तेरे हर एक मन की बाते

क्या दिखा है मुझे, तुझमे
जो तेरे बातो ने दिल छुआ है
तुझमे जो ख़ामोशी है
सायद इसी ने दिल जीता है

रहना तो है तेरे संग
जीने कि चाहत है, तुझ संग
पर कैसे...........
जब तक तुम कहोगी नहीं
हा या ना कुछ कहोगी नहीं
तो कैसे......
अब तो यकीन है, मुझे
तुम ना ही कहोगे
फिर भी एक बार सुनना है, तुमसे



लेखक - आर, सूर्या

# मणिपुर की घटना को लेकर दोषियों को फांसी की सजा दिलाने के लिए राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को भीम आर्मी एवं जयस ने सौंपा ज्ञापन।



**देवरी से संवाददाता हल्के वीर**

सिलवानी। संपूर्ण देश में सामान्य मनुष्य का जीवन वत से बदतर होता जा रहा है, ऐसी ही घटना भारत के मणिपुर में देखने को मिली। मणिपुर में कुकी आदिवासी महिलाओं के साथ हुई अमानवीय कृत्य की आज पूरी देश निंदा कर रहा है। जिला रायसेन तहसील सिलवानी में भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने तहसील सिलवानी के एसडीएम कार्यालय पहुंचकर भारत की राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में संगठन के माध्यम से मुख्य रूप से देश के मणिपुर में हुए अमानवीय घटना को को लेकर दोषियों को फांसी की सजा दिलाने के लिए एवं मणिपुर में अपराध ना रुकने के कारण वहां पर राष्ट्रपति लागू करने की मांग की गई ताकि वहां पर शांति व्यवस्था बनाई जा सके। दिनांक 19 जुलाई को एक वीडियो सामने आया जो 4 मई का बताया जा रहा है, जिसमें कुकी आदिवासी 2 महिलाओं को निर्वस्त्र करके सरेआम घुमाया गया जो आदिवासी समुदाय के साथ साथ महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार को दर्शाता है इतने दिनों तक इस अमानवीय घटना को गंभीरता से नहीं लिया गया जो सरकार की नाकामी और असंवेदनशीलता आदिवासियों के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया को दर्शाता है। महिलाओं के साथ हुए अमानवीय कृत्य में शामिल उन तमाम अपराधियों को फांसी की सजा दी जाए। तभी इस प्रकार के अपराधों को रोका जा सकता है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) संगठन वालों ने खुली चेतावनी दी यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा तो संपूर्ण देश में आंदोलन किया जाएगा दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की गई।

# सावधान रहें: तेजी से फैल रहे नेत्र संक्रमण से बचाव के लिए एकडवाइजरी जारी

**भोपाल से**
**देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

वर्तमान में आम नागरिकों में नेत्र संक्रमण तेजी से फैल रहा है। नेत्र संक्रमण की रोकथाम करना अति आवश्यक है। नेत्र संक्रमण की रोकथाम के लिए आम नागरिकों में जागरुकता बढ़ाने के लिए सुझाव दिये हैं। नेत्र संक्रमण की रोकथाम के लिए पूरी सावधानी रखना आवश्यक है। नेत्र संक्रमण से बचने के लिये अपनी आंखों को छूने से पहले हाथ आवश्यक रूप से धोये। संक्रमित व्यक्ति अपना टॉवल, तकिया, आई ड्रॉप आदि उपयोग की गई वस्तुएं घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें। स्विमिंग पूल तालाबों के प्रयोग से बचे। कांटेक्स लेंस पहना बंद करें और अपने नेत्र चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही फिर इसे शुरू करें। आँखों के सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग न करें। साफ हाथों से अपनी आंखों के आस-पास किसी भी तरह के स्त्राव को दिन में कई बार साफ गीले कपड़े से धोयें, उपयोग किये गये कपड़े को गर्म पानी से धोलें। यदि आँखों में लालिमा हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श लें। डाक्टर के सलाह के बिना कोई भी ड्रॉप का उपयोग न करें। इस तरह आम नागरिक उक्त सभी सावधानियाँ बरतने से नेत्र संक्रमण बचा जा सकता है।




## आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

# सरदार वल्लभभाई पटेल भवन में आयोजित सम्मेलन, एम्स में जनजातीय स्वास्थ्य पर सम्मेलन का शुभारम्भ

## समस्त बौद्ध विहार एवं अनुसूचित जाति वर्ग के धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों की महाबैठक 30 जुलाई को होगी

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**



मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनजातीय स्वास्थ्य की चुनौतियों का तत्परता के साथ समाधान ज़रूरी है। जनजातीय स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहुँच, काउंसलिंग, जन-सहयोग, जन-जागरण के और अधिक ठोस कार्यों की आवश्यकता है। उन्होंने पारंपरिक जनजातीय औषधियों की उपचारात्मक विरासत की खोज और हितधारकों के मध्य वैचारिक विमर्श को जनजातीय स्वास्थ्य के समाधान की दिशा में सार्थक पहल बताया हैं। राज्यपाल श्री पटेल कहा कि यहाँ हुआ चिंतन जनजातीय स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य की रीति-नीति का रोड मैप बनाने में सफल होगा। राज्यपाल पटेल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सरदार वल्लभभाई पटेल भवन में आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन ÷भारत में जनजातीय स्वास्थ्य- वर्तमान परिदृश्य, अपूरित आवश्यकता और भविष्य की दिशा का अनावरण÷ विषय केन्द्रीत रहा। राज्यपाल पटेल ने कहा कि जनजातीय समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़ाने और जन-जागरण के लिए समान गति और बल के साथ प्रयास किए जाने चाहिए। जनजातीय समुदाय की पारंपरिक, सांस्कृतिक जीवन शैली को समझ कर कार्य किए जाने चाहिए। चिकित्सा, जनजातीय कल्याण के क्षेत्र के सभी हितधारकों को एक साथ कर, एकजुट प्रयास किया जाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के राज्यपाल के रूप में विगत 2 वर्षों में उन्होंने सभी जिलों का भ्रमण कर लिया है। भ्रमण में दूरस्थ अंचल के वंचित समुदायों के साथ संपर्क और संवाद कायम किया है। प्रदेश में जनजातीय समुदाय सिकल सेल और क्षय रोग की प्रमुखता के साथ ही थैलेसीमिया, कुष्ठ, लेप्टोस्पाइरोसिस और रतौंधी जैसे रोगों से पीड़ित रहा है। इसके समाधान के लिए एकीकृत पहल पर विचार किया जाना चाहिए। राज्यपाल पटेल ने बताया कि स्कूलों में दूध वितरण के द्वारा बच्चों में रतौंधी और कुपोषण उन्मूलन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी मिले। इसलिए स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान प्रयासों में चिकित्सकीय प्रयासों के साथ खान-पान, आहार-विहार आदि के संबंध में काउंसिलिंग और आर्थिक सहयोग के प्रयासों पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने जनजातीय समुदाय के साथ सीधे संपर्क और संवाद के लिए ग्राम सभा को प्लेटफार्म बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा और पंचायतों के माध्यम से जनजातीय समुदाय की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य किया जाना अधिक प्रभावी होगा। जनजातीय समुदाय के साथ परिवार के सदस्य के समान संवाद कौशल पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में देश में कोई भी बच्चा सिकल सेल के साथ जन्म नहीं ले, इसके लिए जरूरी है सिकल सेल सर्वेक्षण में एक भी परिवार और एक भी व्यक्ति छूटे नहीं। उन्होंने जनजातीय स्वास्थ्य के प्रति एम्स भोपाल की वैचारिक चिंतन की पहल की सराहना की। यह पहल राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय स्वास्थ्य प्रयासों का दिशा दर्शन करेगी। संचालक एम्स डॉ. सुनील मलिक ने कहा कि संस्थान द्वारा जनजातीय स्वास्थ्य की दिशा में सभी आयामों, शोध, अनुसंधान, अकादमिक, क्लीनिकल गतिविधियों, नवाचार, प्रोत्साहन एवं प्रेरणास्पद कार्य किए जा रहे हैं। पारंपरिक जनजातीय विरासत और समृद्ध ज्ञान के अभिलेखन प्रयासों के द्वारा धरोहर का संरक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एम्स को जनजातीय स्वास्थ्य के हर आयाम में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में एम्स और एन.आई.आर.टी.एच. के मध्य एम.ओ.यू. का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन प्रियंका दास सहित चिकित्सक एवं विशेषज्ञ मौजूद थे। आभार दंत चिकित्सक एम्स डॉ. अंशुल राय ने किया। राज्यपाल पटेल ने प्रारम्भ में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उनका शॉल, श्रीफल, स्मृति-चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। उन्होंने एम्स में पूर्व रोपित पौधे को सिंचित किया।

# राहुल गांधी की आम सभा को ऐतिहासिक बनाने अजय सिंह पहुंचे अनूपपुर

## विश्वनाथ सिंह ने प्रस्तुत किया अपनी ताकत



अनूपपुर। राहुल गांधी के ब्यौहारी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अनूपपुर जिले पधारे अजय सिंह राहुल और कांग्रेस सह प्रभारी संजय कपूर 8 अगस्त को विंध्य क्षेत्र ब्योहारी से 2023 विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी की पहली आमसभा होने जा रही है राहुल गांधी 2023 के चुनाव का ब्योहारी से शंखनाद करेंगे उक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अनूपपुर जिले में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल एवं कांग्रेस के सह प्रभारी संजय कपूर का आगमन हुआ पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने एवं कांग्रेस का प्रभारी संजय कपूर ने अनूपपुर जिले की तीनों विधानसभा सीटों से ज्यादा से ज्यादा लोगों को ब्योहारी राहुल गांधी के आम सभा में पहुंचने की अपील किया चुनावी माहौल के कारण लोगों ने अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत किया अनूपपुर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह ने अपनी ताकत दिखाएं और अपने समर्थकों के साथ गर्मजोशी से पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह एवं सा प्रभारी संजय कपूर का स्वागत किया इसके पूर्व भी विश्वनाथ सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगमन पर भी अपना शक्ति प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी अनूपपुर विधानसभा से पूरी जोर-शोर से कर रहे हैं विश्वनाथ सिंह के ग्रामीण अंचलों में जमीनी पकड़ है पिछले दो दशक से त्रिस्तरीय पंचायती राज में में निरंतर चुनाव भी जीत रहे है।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित समिति ने लिया निर्णय रात 11 बजे बाद नहीं बजेंगे डी.जे

**लीमा चौहान पुलिस द्वारा 30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मेक एवं 01 मोटर साइकिल सहित 02 आरोपी गिरफ्तार**

**अवैध शराब बनाने मे लिप्त माफियाओं के खिलाफ थाना सुठालिया पुलिस टीम की सख्त कार्यवाही**

**थाना माचलपुर अंतर्गत ट्रांसफार्मर (डीपी) से तेल चोरी करने वाले 02 आरोपीगणों को पुलिस ने किया गिरप्तार**




**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

राजगढ़। त्यौहार एवं पर्व जिले की परंपरानुरूप सभीजन मिलजुलकर एवं आपसी सामंजस्य से मनाएं। आवश्यक अनुमतियां लें और उसका पालन करें। यह बात कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हर्ष दीक्षित ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में मोहर्रम, रक्षाबंधन, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी त्यौहारों के मद्देनजर आयोजित बैठक में कही। इस अवसर पर उन्होंने सभीजनों को आगामी त्यौहारों के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विरेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री शिवप्रसाद मण्डारह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनकामना प्रसाद, अंजुमन कमेटी तथा हिन्दु उत्सव समितियों के पदाधिकारियों सहित शांति समिति के सदस्यगण मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीक्षित द्वारा ताजिए मार्ग की मरम्मत कराने, सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने, पेयजल एवं विद्युत प्रदाय व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा ताजिया विसर्जन स्थल पर सुरक्षा एवं तैराकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही रात 11 बजे के बाद डी.जे. नहीं बजाने पर सर्व समिति से सहमति बनी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर सभीजनों से कहा कि त्यौहार के समय आवश्यक अनुमतियां ली जाएं और उसका पालन किया जाए। वर्षाकाल और जिले में वर्षा की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने ताजिया दारों से आग्रह किया कि नदी-तालाब वर्तमान में लबालब है। वर्षाजल का तेज बहाव है। ऐसी स्थिति में ताजिया विसर्जन स्थल पर बच्चों और समूह को एक सीमा से आगे नहीं जाने दें। यह उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। इस उद्देश्य से लोगों को समझाईश दें। ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं हो। साथ ही उन्होंने पूर्व की परंपरा के अतिरिक्त अन्य कोई नई परंपरा प्रारंभ नही करने का भी आग्रह किया। उन्होंने त्यौहारों के मद्देनजर सूक्ष्म स्तर पर योजना बनाने के निर्देश भी पुलिस अधिकारियों को दिए। बैठक के पूर्व समिति सदस्यों द्वारा त्यौहारों के मद्देनजर चल समारोह के मार्ग, विसर्जन स्थल और मोहर्रम के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारियां दी गई। इस अवसर पर विधायक श्री बापूसिंह तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद साहू, श्री देवीसिंह सौंधिया, श्री मनोज हाड़ा, दरगाह कमेटी के अध्यक्ष श्री शफिक गामा, हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री नागर सहित समिति सदस्य मौजूद रहें।



## जिला जेल शहडोल में किया गया पौधारोपण

**शहडोल।** म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में तथा जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल श्रीमती निशा विश्वकर्मा की उपस्थिति में नालसा की पंच 'ज' योजना अंतर्गत जिला जेल शहडोल, बाल संप्रेक्षण गृह एवं शिवालय शिशु गृह में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । श्रीमती निशा विश्वकर्मा, द्वारा जिला जेल शहडोल में जेल परिसर में औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रीति साल्वे, जेल अधीक्षक श्री भास्कर पाण्डेय एवं जेलर श्री गनेश सिंह उपस्थित रहे । श्रीमती निशा विश्वकर्मा ने बालगृह में निवासरत बालकों से चर्चा कर स्वास्थ्य, शिक्षा, आहार आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की साथ ही बालकों से सामान्य ज्ञान व सामान्य अभिरूचि से संबंधित प्रश्न पूछे गए । बालकों को उनके विधिक अधिकारों, गुड टच-बैड टच चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 की जानकारी से अवगत कराया । तत्पश्चात परिसर में औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर अधीक्षिका श्रीमती संजीता भगत उपस्थित रही । कार्यक्रम के अंत में शिशु गृह 'शिवालय' में औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक श्री बृजेन्द्र कुमार दुबे उपस्थित रहे ।



# निःशुल्क कोचिंग कैरियर मार्गदर्शन सतना

**सतना।** आपको को बता दें कि आज दिनांक 25/7/2023 को अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष परम् सम्मानीय,जे. एन.कंन्सोटिया साहब अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल,माननीय,गुप्ता जी CCF भोपाल एवं माननीय, विपिन पटेल ष्ठस्न्ह्न सतना, अजाक्स निःशुल्क कोचिंग कैरियर मार्गदर्शन सतना में छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए।माननीय,कंन्सोटया साहब द्वारा कोचिंग के टीचर्स से विस्तृत चर्चा किये। साथ ही 18 बच्चे अजाक्स सतना निःशुल्क कोचिंग कैरियर मार्गदर्शन से कम्पटीशन फाइट करने वालों पर खुशी जाहिर की गई। अजाक्स टीम सतना द्वारा माननीय जी,क स्वागत रेलवे-स्टेशन पर किया गया। जिसमें अजाक्स अध्यक्ष रामकलेश साकेत जी के अलावा सभी कर्मचारी/अधिकारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



## पूर्व विधायक जुगल किशोर गुप्ता की धर्मपत्नी सुमित्रा देवी गुप्ता आकस्मिक निधन लोगों ने श्रद्धांजलि दी

**अनूपपुर।** अनूपपुर विधानसभा के पूर्व विधायक जुगल किशोर गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी गुप्ता का जो लंबे समय से बीमार थी। जहां इलाज के दौरान ही अपने ग्रह ग्राम बिजुरी में उन्होंने अंतिम सांसें लीं। यहाँ यह विशेष उल्लेखनीय है कि श्रीमती सुमित्रा देवी



गुप्ता एक धार्मिक विदुषी समाजसेवी गृहणी थीं। परिवार में उनकी सेवा, निष्ठा, स्नेह के कारण बहुत लोकप्रियता थी। उनके आकस्मिक निधन से सभी हतप्रभ हैं। उनके निधन से शहडोल संभाग में सैकड़ों परिजनों ,शुभ चिंतको शोक की लहर दौड़ गई जिसके उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि देने में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री बिसाहूलाल सिंह शहडोल संसदीय क्षेत्र के सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रूपमती सिंह कोतमा विधानसभा के विधायक सुनील सराफ पुष्पराजगढ़ विधानसभा के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामदास पुरी कोल प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर त्रिपाठी शहडोल, शंकर प्रशाद शर्मा ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम कुमार त्रिपाठी ब्राह्मण समाज से जिला अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज द्विवेदी पत्रकार अजीत मिश्र, रामबाबू मिश्रा, विकास पांडेय,कमलेश मिश्रा मुकेश मिश्रा,राजेश पयासी,कामरेड बृजेंद्र सोनी,राधेश्याम अग्रवाल,अशोक बियानी,नंदन शिवहरे,आशीष त्रिपाठी ,अरविंद बियानी ,राजेश गुप्ता, सुशील ताम्रकार ,नीलेश अग्रवाल अनूपपुर आदि लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से प्रार्थना किए मृत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देवें तथा परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# अवैध शराब बनाने मे लिप्त माफियाओं के खिलाफ थाना सुठालिया पुलिस टीम की सख्त कार्यवाही




### मुकेश अहिरवार राजगढ़


पुलिस टीम द्वारा थाना सुठालिया क्षेत्रांतर्गत दबिस देकर एक आरोपी के कब्जे से उसके खेत पर बने मकान से 80 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब मशरूका किमती ? 25,000/- रुपये की जप्त मौके पर करीब 3,000 लीटर किमती 03 लाख रुपये की महुआ लहान को किया गया नष्ट । जिले में अवैध शराब की धरपकड हेतु संपूर्ण जिले में अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत दिनांक 24.07.2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजगढ श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) के कुशल निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ श्री मनकामना प्रसाद व एसडीओपी ब्यावरा नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुठालिया उनि राकेश दामले व उनकी टीम द्वारा कस्बा सुठालिया में मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी सुभाष पिता सुग्रीव कंजर के कब्जे से उसके खेत पर बने मकान से 80 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब किमती 25,000 रुपये जप्त की गई । दिनांक 23.07.2023 को थाना प्रभारी सुठालिया उनि राकेश दामले को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सुभाष पिता सुग्रीव जाति कंजर निवासी आवास कालोनी सुठालिया का अपने अस्पताल रोड खेत पर बने घर के पास दो प्लास्टिक की कैनों में हाथभट्टी की कच्ची शराब लेकर बेचने के लिये बैठा है ।मुखबीर की सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी सुठालिया उनि राकेश दामले द्वारा थाने से उनि अरूंधति राजावत, प्रआर 583 सतीश त्यागी, आरक्षक 916 मनमोहन, आरक्षक 939 प्रदुमन, आरक्षक 687 सूरज, मआर 400 दीक्षा, सैनिक 78 सैनिक 196 सुमेरसिह चालक प्रआऱ 162 विनोद चौधरी की एक टीम बनाकर तुरंत ही मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना किया जहां देखा कि लडका सुभाष कंजर निवासी आवास कालोनी सुठालिया का जिसे पुलिस टीम पूर्व से शक्ल से जानती थी अपने पास प्लास्टिक की 02 कैने लिये बैठा था जो पुलिस को देखकर दौड लगा कर भागने लगा जिसे पकडने का प्रयास किया लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर जंगल एवं हरेभरे खेतों का फायदा उठाकर भाग निकला और सफेद रंग की प्लास्टिक की 40-40 लीटर क्षमता वाली 02 कैनें जिसमें लाल ढक्कन लगे थे मौके पर छोड गया जिन्हे चैक किया तो दोनों कैनों में पूरी तरह से तरल पदार्थ भरा हुआ था जिसकी पहचान हाथ भट्टी की कच्ची शराब के रुप मे की गई। मौके पर कुल 80 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब समक्ष पंचान के जप्त की जिसकी कीमती 25,000 रुपये है। आरोपी सुभाष कंजर के खेत व घर के आसपास तलाश करने पर करीब 03 हजार लीटर महूआ लहान कीमती करीब 03 लाख रुपये का गला हुआ मिला जिसे हमराह फोर्स पंचान की मदद से नष्ट किया गया। आरोपी सुभाष कंजर निवासी आवास कालोनी सुठालिया का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से थाने पर आरोपी सुभाष कंजर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 266/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है आरोपी की तलाश की जा रही है। उक्त अवैध हाथ भट्टी की कच्ची शराब के विरूद्ध की गई कार्यवाही में थाना प्रभारी सुठालिया उनि राकेश दामले व उनकी टीम के उनि अरूंधति राजावत, प्रआर 583 सतीश त्यागी, आरक्षक 916 मनमोहन, आरक्षक 939 प्रदुमन, आरक्षक 687 सूरज, मआर 400 दीक्षा, सैनिक 78 सैनिक 196 सुमेरसिह, चालक प्रआऱ 162 विनोद चौधरी का महत्वपूर्ण व सराहनीय योगदान रहा ।

## अनूपपुर जिले के नगरीय क्षेत्र में इंटक के बने नगर अध्यक्ष



कल्लू सिंह | अजय कुमार चतुर्वेदी | समेश यादव | मनी सिंह | बलिराम केवट | राम प्रमोद साहू

**अनूपपुर।** इण्टक के कोतमा ब्लाक अध्यक्ष -रामप्रमोद साहू इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.जी संजीवा रेड्डी के मंशानुसार एवं मध्य प्रदेश इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्री आर. डी. त्रिपाठी के दिशा निर्देश पर अनूपपुर जिले में मध्य प्रदेश इंटक का नगरी निकाय और जनपद पंचायत स्तर पर अपनी कमेटियों का विस्तार करने के लिए मध्य प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव को अनूपपुर जिले की जिम्मेदारी दी है जिसके तहत अनूपपुर इंटक के जिला अध्यक्ष श्री बालेंद्र सिंह परिहार के अनुशंसा पर पाँच नगरीय और एक ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति पत्र विक्रमा सिंह ने जारी किया जिसमें कोतमा नगर पालिका क्षेत्र में इंटक का नगर अध्यक्ष अजय कुमार चतुर्वेदी एवं पसान नगर पालिका क्षेत्र में कल्लू सिंह ,बिजुरी नगर पालिका क्षेत्र में नगर अध्यक्ष समेश यादव और बरगवां नगर परिषद में नगर अध्यक्ष मनी कुमार सिंह, अमरकन्टक नगर परिषद में नगर अध्यक्ष बलिराम केवट के साथ कोतमा जनपद स्तर पर ब्लॉक इंटक अध्यक्ष रामप्रमोद साहू को नियुक्त किया गया द्य अनूपपुर इण्टक के जिला अध्यक्ष बालेन्द्र सिंह परिहार ने कहाँ कि नगरी निकाय क्षेत्र के अध्यक्ष और ब्लाक अध्यक्ष अपनी कमेटी का शीघ्र विस्तार कर अपने में मज़दूर कल्याण की दिशा में काम करना चालू कर देगे द्य रेल्वे इण्टक के नेता लक्ष्मण राव , एसई सी एल इण्टक के केन्द्रीय अध्यक्ष नेता गोपालनारायन सिंह , विघुत इण्टक नेता भुरा यादव, सोडा फ़ैक्ट्री अमलाई इण्टक नेता शिवकुमार नामदेव, आदि से आवश्यक सुझाव और सहयोग के साथ असंगठित क्षेत्र के मज़दूर हीत में कार्य करेगी।



राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक)
INDIAN NATIONAL TRADE UNION CONGRESS
MADHYA PRADESH BRANCH (INTUC)
विक्रमा सिंह
सचिव
इंटक - मध्यप्रदेश

नियुक्ति

दिनांक 24/07/2023

प्रिय साथी ,

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय डॉ.जी. संजीवा रेड्डी जी के मंशानुसार एवं मध्यप्रदेश इंटक के अध्यक्ष माननीय श्री आर.डी.त्रिपाठी जी के निर्देशानुसार आप को सम्बंधित पद पर नियुक्त किया जाता है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कल्लू सिंह पिता रामनरेश सिंह | अध्यक्ष-इंटक, पसान नगर पालिका ,अनूपपुर |
| 2 | अजय कुमार चतुर्वेदी पिता छोटेलाल चतुर्वेदी | अध्यक्ष- इंटक, कोतमा नगर पालिका ,अनूपपुर |
| 3 | समेश यादव पिता रामराज यादव | अध्यक्ष- इंटक बिजुरी नगर पालिका ,अनूपपुर |
| 4 | मनी सिंह पिता बाबू नन्द सिंह | अध्यक्ष - इंटक, बरगवां (अमलाई)नगर परिषद ,अनूपपुर |
| 5 | बलिराम केवट पिता बुद्धसेन केवट | अध्यक्ष - इंटक, अमरकंटक नगर परिषद ,अनूपपुर |
| 6 | राम प्रमोद साहू पिता सुरेश साहू | अध्यक्ष- इंटक, ब्लाक-कोतमा (जनपद क्षेत्र-कोतमा) अनूपपुर |

आशा है कि आप माननीय डॉ.जी. संजीवा रेड्डी जी की मंशानुसार एवं मध्यप्रदेश इंटक के अध्यक्ष माननीय श्री आर.डी.त्रिपाठी जी के निर्देशानुसार संगठन के प्रति दिये गये दायित्वों का पूर्णत: निर्वहन करेंगे ।

हार्दिक शुभकामनाये ।

प्रतिलिपि-1-श्रीमान श्री आर.डी. त्रिपाठी ,अध्यक्ष -इंटक, मध्यप्रदेश भोपाल ।

अनुशंसा

बालेन्द्र सिंह परिहार
अध्यक्ष-इंटक -जिला अनूपपुर ।

विक्रमा सिंह
प्रदेश सचिव -इंटक -मध्यप्रदेश

### थाना माचलपुर अंतर्गत ट्रांसफार्मर (डीपी) से तेल चोरी करने वाले 02 आरोपीगणों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**मुकेश अहिरवार राजगढ़।** थाना माचलपुर के अपराध क्रमांक 217/23 धारा 379 भादवि, अपराध क्रमांक 218/23 धारा 379 भादवि में लगातार पुलिस की गिरफ्तारी से बचते हुये फरार शुदा चोरों को पकड़कर आरोपीगणों के कब्जे से चोरी किया गया 22 लीटर डीपी के तेल को एवं डीपी खोलने के उपकरणों को किये गये जप्त । जिले में सम्पत्ति संबंधी अपराधों को रोकने हेतू वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजगढ श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) के कुशल निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ श्री मनकामना प्रसाद व एसडीओपी खिलचीपुर श्री आनंद राय के द्वारा निर्देशित किया जा रहा है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन के पालन में दिनांक 21.07.2023 को विश्वनीय मुखबीर द्वारा सुचना हुई की एक व्यक्ति ग्राम अरन्या के पास एक प्लास्टिक की सफेद रंग की कैन में चोरी किया गया काले रंग का तेल (तरल पदार्थ) रखा है एवं चोरी किया गया डीपी का तेल को ले जाकर कहीं बैंचने की फिराक में है जो मुखबिर सूचना के तस्दीक में दबिश कार्यवाही की गई तो एक व्यक्ति अरन्या भड़का के बीच पुलिया के पास झाडियों में डीपी के तेल से भरी एक पलास्टिक की कैन तथा डीपी खोलने के उपकरण रखे हुआ मिला।

## एलोन मस्क ने घोषणा की बदला जायेगा ट्वीटर का लोगो क्या होगा नया लोगो?




### भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट

अपने कई बदलावों को जारी रखते हुए, एलोन मस्क ने रविवार को घोषणा की कि ट्विटर को एक्स के रूप में पुनः ब्रांड किया जा रहा है ।ट्विटर के मालिक एलोन मस्क का कहना है कि वह ट्विटर के प्रतिष्ठित लोगो को बदलने की योजना बना रहे हैं, जिससे उन्हें मंच पर कुछ उपयोगकर्ताओं से नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। ट्विटेर को अब ङ्ग के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही ट्विटर के ऑफिशियल हैंडल ट्विटेर पर लोगो को बदल दिया है ।इसके साथ ही वहां नाम भी ङ्ग कर दिया है। हालांकि माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट पर पुराना लोगो ही नजर आ रहा है ।ट्विटर की न्यू चीफ एग्जीक्युटिव ऑफिसर ने भी ट्वीट करके ङ्ग नाम की जानकारी दी। बताते चलें कि पुराने लोगों में ब्लू कलर की चिड़िया का इस्तेमाल किया था। ट्विटर की पहचान से जुड़ी नीली चिड़िया अब उड़ चुकी है। सालों से कंपनी के साथ जुड़ी हुई ये पहचान अब बदल गई है। एलन मस्क ने ट्विटर की ब्रांड इमेज और लोगो बदलकर ङ्ग कर दिया है, जिसके बाद ट्विटर पर अब कंपनी के प्रोफाइल में ङ्ग दिखाई दे रहा है । इसके बाद जब यूजर्स ट्विटर ओपन करेंगे, तो सीधा ङ्ग लोगो के साथ ट्विटर ओपन होगा, जहां चिडिया वाले लोगो की जगह पर अब ङ्ग नजर आ रहा है। इसकी एक झलक ट्विटर के हेडक्वार्टपर पर भी दिखी थी। एलन ने ङ्ग.ष्श्द्व को सीधा Twitter.com से जोड़ दिया है ।यानी &.com लिखने पर आप सीधे ट्विटर की वेबसाइट पर पहुंच जाएंगे ।







अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, जिला-शहडोल

ABVP

पता : विभाग कार्यालय अ.भा.वि.प.
''केशव भवन'' गंज रोड
शहडोल (म.प्र.) 484001
मो. : 7089174197, 9340516319

क्र.–

दिनांक : 24/7/23

प्रति,

श्रीमान कलेक्टर महोदय,
जिला - शहडोल (म प्र.)

विषय - शिक्षा क्षेत्र में व्याप्त अनियमितताओं के कारण छात्रों को हो रही समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु।

मान्यवर,

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो छात्रहित, राष्ट्रहित एवं समाज हित के कार्य करता है एवं समय-समय पर छात्र -छात्राओं को हो रही समस्याओं के निराकरण हेतु अभाविप सदैव प्रयासरत रहने वाला छात्र संगठन है। वर्तमान में छात्रों को हो रही समस्याओं के लिए अभाविप जिला प्रशासन से निम्नलिखित मांग करती है

01. जन भागीदारी मद अतिथि विद्वानों को 1 जुलाई से नियुक्त किया जाए तथा प्राचार्य की हटधर्मिता वा अहंकार के कारण जो विलंब हुआ है उस समय का वेतन महाविद्यालय द्वारा दिया जाय।

02. विभिन्न निजी शिक्षण संस्थान अपने मान्यता मापदंडों को पूरा नहीं कर रहे है जैसे खेल मैदान, शौचालय, शिक्षण स्टॉफ एवं पर्याप्त आवासीय भवन आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नही है अतः इनका पुनः सत्यापन कराया जाय।

03. निजी विद्यालय मनमानी तरीके से प्रतिवर्ष शुल्क वृद्धि कर रहे है अतः जिला स्तरीय नियंत्रण समिति बनाई जाय एवं उनके द्वारा ली जा रही फीस का संज्ञान लिया जाय।

04. विद्यालयों द्वारा छात्रों के बैग के वजन संबंधी अभियान पुनः चलाया जाय। निजी विद्यालयों में छात्रों को भारी बैग लेकर विद्यालय जाना पड़ रहा है।

05. शहडोल ज़िले के अधिकतर निजी विद्यालयों में क्रीड़ा शिक्षकों के पद रिक्त है।

06. शहडोल जिले के अंतर्गत ऐसे कई कोचिंग संस्थान चल रहे है। जिनके द्वारा किसी भी प्रकार की मान्यता नही ली गई है और किसी भी स्थापना मानक का पालन भी नही किया जा रहा है।

07. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति, आवास सहायता राशि बहुत समय से लंबित है जिसे शीघ्र अति शीघ्र जारी किया जाय।

अतः अभाविप आपसे ये माग करती है की हमारे ज्ञापन के सभी बिंदुओं को संज्ञान में लेते हुए 07 दिवस के अंदर कार्यवाही करे अन्यथा अभाविप उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

24/07/23
प्राप्तकर्ता
अध्यक्ष शाखा
कार्यालय कलेक्टर
शहडोल (म.प्र.)

भवदीय
सौरभ द्विवेदी
जिला संयोजक शहडोल

# विद्यार्थी परिषद ने निजी शिक्षण संस्थानों में हो रही अनियमितता के विरोध में कलेक्टर को दिया ज्ञापन



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला शहडोल द्वारा कलेक्टर कार्यालय में शिक्षा क्षेत्र में हो रही अनियमितता एवं उसके कारण छात्र छात्राओं को हो रही समस्या के विरोध में कलेक्टर महोदया के नाम डिप्टी कलेक्टर एंटोनी एक्का को ज्ञापन देते हुए अभाविप के जिला संयोजक सौरभ द्विवेदी द्वारा छात्र हितों में निम्नलिखित मांग की गई कि जनभागीदारी मद अतिथि विद्वानों को 1 जुलाई से नियुक्त किया जाए तथा प्राचार्य की हटधर्मिता के कारण जो विलंब हुआ है उस समय का वेतन महाविद्यालय द्वारा दिया जाय। विभिन्न निजी शिक्षण संस्थान अपने मान्यता मापदंडों को पूरा नहीं कर रहे है जैसे खेल मैदान, शौचालय, शिक्षण स्टॉफ एवं पर्याप्त आवासीय भवन आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नही हैअतः इनका पुनः सत्यापन कराया जाय। निजी विद्यालय मनमानी तरीके से प्रतिवर्ष शुल्क वृद्धि कर रहे है अतः जिला स्तरीय नियंत्रण समिति बनाई जाय एवं उनके द्वारा ली जा रही फीस का संज्ञान लिया जाय। विद्यालयों द्वारा छात्रों के बैग के वजन संबंधी अभियान पुनः चलाया जाय। निजी विद्यालयों में छात्रों को भारी बैग लेकर विद्यालय जाना पड़ रहा है। शहडोल ज़िले के अधिकतर निजी विद्यालयों में क्रीड़ा शिक्षकों के पद रिक्त है। शहडोल जिले के अंतर्गत ऐसे कई कोचिंग संस्थान चल रहे है। जिनके द्वारा किसी भी प्रकार की मान्यता नही ली गई है और किसी भी स्थापना मानक का पालन भी नही किया जा रहा है। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति, आवास सहायता राशि बहुत समय से लंबित है जिसे शीघ्र अति शीघ्र जारी किया जाय अभाविप जिला संयोजक सौरभ द्विवेदी द्वारा ज्ञापन देते हुए यह माग की गई की ज्ञापन के सभी बिंदुओं पर 07 दिवस के अन्दर उचित कार्यवाही की जाय अन्यथा अभाविप उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। उक्त ज्ञापन देते समय छात्र छात्राएं एवं अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राहुल गाँधी के आगमन की तैयारी को लेकर 25 को काँग्रेस की आवश्यक बैठक।

शहडोल। काँग्रेस के पूर्व राष्टीय अध्यक्ष राहुल गाँधी का 08 अगस्त को ब्यौहारी आगमन तय हुआ है। श्री राहुल गाँधी के आगमन की तैयारी के संबंध मे जिला काँग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे दिनांक 25 जुलाई को दोपहर 03 बजे से काँग्रेस भवन शहडोल मे आवश्यक बैठक आयोजित की गई है।



राहुल गांधी

इस बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में काँग्रेस के राष्टीय सचिव एवं मध्य प्रदेश सह प्रभारी श्री संजय कपूर जी तथा मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री अजय सिंह राहुल भैया उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने समस्त कांग्रेसजनों को इस बैठक मे आवश्यक रूप से उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चत करने के लिए सादर आमंत्रित किया है। उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।

# महिला अस्मिता को रक्षा के लिए शिवसेना ने किया बस्तर बंद का ऐलानः शिवसेना




**हरेंद्र नाग बस्तर**

छत्तीसगढ़। मणिपुर राज्य मे विगत कई महीनों से लगातार दंगे हो रहे हैं, और उन दंगों में प्रतिदिन भारतवासियों की जाने जा रही हैं। प्रतिदिन वहां लोगों के घर जलाए जा रहे हैं महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। शिवसेना इस सम्पूर्ण घटना क्रम की कड़ी निन्दा करते हुए इसका विरोध करती है। गौरतलब हो कि कुछ दिन पूर्व पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर से दंगाइयों द्वारा भारतीय सेना के जवान के धर्मपत्नी और एक अन्य महिला की सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद उन्हें नग्न घुमाए जाने की ख़बर सामने आई है। उनके साथ बहुत ही गलत व्यवहार किया गया है, जिसपर देश के गृहमंत्री और प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर शिवसेना ने आपत्ति दर्ज कराई है। शिवसेना ने सम्पूर्ण मामले में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही के लिए आवाज़ बुलंद किया है। शिवसेना बस्तर के वरिष्ठ साथी चंचलमल जैन ने मिडिया को दिए एक बयान के दौरान कहा है कि गैर महिला को माता, बहन और पुत्री के रिश्ते से ही देखकर व्यवहार करना चाहिए। यदि उसके साथ किसी प्रकार का गलत हो जाए तो हाथ पर हाथ धरकर बैठे रहना अनुचित है। छत्रपति शिवाजी महाराज और बाला साहेब ने सदैव ही महिलाओं, वृद्धों और बच्चों को रक्षा करने की सीख दी है। चाहे वे किसी भी जाति, धर्म और संप्रदाय से हो। उन्होंने मणिपुर घटना में संलिप्त दंगाइयों को तत्काल सरेआम गोली मार देने या फांसी पर लटकाने की मांग की है। शिवसेना द्वारा 24 जुलाई 2023 को मणिपुर, राजस्थान, बंगाल, छत्तीसगढ़ और देशभर में लगातार हो रहे महिलाओं के साथ हुए अत्याचार के विरोध में बस्तर संभाग बंद का आह्वान किया गया है। शिवसेना बस्तर संभाग के समस्त व्यापारी बंधु, आम नागरिक, माता, बहनों युवाओं, और किसानों से अनुरोध करती है कि इस बंद में शामिल होकर मणिपुर सहित देशभर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर अपना विरोध दर्ज करावे।

# बनखेड़ी नगर परिषद की सरकारी गाड़ियों से भारतीय जनता पार्टी के कर्मचारी लगाते दिखे झंडे !



**रमेश कुमार**

नर्मदापुरम। जिले के अंतर्गत आने बाली नगर परिषद बनखेड़ी मैं नगर परिषद की गाड़ी से भारतीय जनता पार्टी के झंडे लगाते हुए दिखी नगर परिषद की सरकारी गाड़ी को देते हुए कांग्रेस पार्टी में भारी आक्रोश कांग्रेस पार्टी द्वारा जानकारी मिली है की नगर परिषद के कर्मचारियों की लापरवाही लोग अपने कामकाज को छोड़कर कुछ जरूरी दस्तावेजों पर काम करवाने आते है तो उनको लंबा इंतजार करना पड़ता है कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक उपाध्यक्ष दिलीप साहू एवं आनंद पलिया जी हुकम सिंह एवं ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर साहब के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन और कहां है अगर सरकारी गाड़ियों का इस प्रकार से उपयोग किया तो कांग्रेस पार्टी नगर परिषद के काम को लेकर उग्र आंदोलन करेगी नर्मदापुरम बनखेड़ी।

# आदिवासी महिलाओं के साथ कुकृत्य कर उनकी अस्मिता के साथ खिलवाड़ किया दरिंदों ने इसी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने फूंका पुतला।

**युवा प्रदेश न्यूज़ से रमेश कुमार की रिपोर्ट**



बनखेड़ी/चांदौन। मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ कुकृत्य कर उनकी अस्मिता से खिलवाड़ किया हे जो की बहुत ही दुखद घटना है। इस घटना के विरोध में 22 जुलाई को दिन शनिवार 05 :00 बजे राम रहीम चौराहे पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पलिया,नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप साहु, जिला सचिव राजेन्द्र शर्मा, वीरेंद्र बेलबंशी,जिला महामंत्री शैलेश जैन, जनपद सदस्य अतुल राय,पूर्व सरपंच गोपाल राकेश,सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पचौरी, आई टी सेल जिला अध्यक्ष नीलेश व्यास,किसान कांग्रेस प्रदीप पटेल, पंकज खटीक, सेक्टर अध्यक्ष हनुमंत रघुवंशी, चंद्रभान गड़वाल,सुनील कुशवाह, ब्लॉक,दीपेश गोस्वामी,प्रदीप पटेल,रामशंकर यादव, सेवा दल प्रमोद पटेल, आई टी सेल नगर अध्यक्ष रविन्द्र शाह,शाहिल खान आई टी सेल, जनपद सदस्य पप्पू अहिरवार,रितिक नामदेव,बंटी रघुवंशी,फूलसिंह सोनवंशी, दुर्गेश बेलवंशी पार्षद आई टी सेल ब्लॉक अध्यक्ष उपास्थित रहे कांग्रेस के बरिष्टजन एवं सभी बिंगो के पदाधिकारी, एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कॉम्बिंग गश्त

**मुकेश अहिरवार राजगढ़**

पुलिस अधीक्षक, श्री बीरेंद्र कुमार सिंह सहित अति0 पुलिस अधीक्षक, सभी एस0डी0ओ0पी0 एवं जिला पुलिस बल के पुलिस अधिकारी/कर्मचारी कॉम्बिंग गश्त में रहे मौजूद देर रात्रि 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक लगातार जारी रही पुलिस की कार्यवाही आधीरात को राजगढ़ पुलिस की गुण्डा-बदमाशों के घरों पर औचक दस्तक महेज पाँच घण्टे के भीतर लिस्टेड 189 गुंडा, बदमाशों को किया चेक जिले मे कुल 210 वारंटी किये गिरफ्तार, 50 स्थायी वारंटी, 154 गिरफ्तार वारंटी, 06 वसूली वारंटी गिरफ्तार, वारंटियों की पुलिस ने की धरपकड़ 154 वाहनों की चैकिंग एवं 16 संदेही भी किये चेक माननीय मुख्यमंत्री महोदय के दिशा निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना ने समस्त जिला बल को पैदल गस्त को अधिक से अधिक प्रभावी बनाने हेतु निर्देशित किया गया था द्य इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री बीरेंद्र कुमार सिंह (भापुसे) के नेतृत्व में लगातार पूरे पुलिस दलबल के साथ प्रभारी पैदल गश्त की जा रही है एवं साथ ही जनसंवाद भी लगातार किया जा रहा है।






# गदर का राम कथा रामायण से क्या है रिश्ता

## ट्रेलर लॉन्च पर निर्देशक अनिल शर्मा का दिलचस्प खुलासा

मुंबई। निर्माता-निर्देशक अनिल शर्मा की फिल्म गदर 2 अगले महीने 11 अगस्त को रिलीज हो रही है। बुधवार की शाम इस फिल्म का ट्रेलर मुंबई में लांच हुआ। इस अवसर पर अनिल शर्मा ने बताया कि हर फिल्म की कहानी कहीं न कहीं रामायण और महाभारत से ही प्रेरित होती है। 22 साल पहले रिलीज फिल्म गदर-एक प्रेम कथा को उन्होंने रामायण से प्रेरित बताया। फिल्म गदर- एक प्रेम कथा की कहानी को लेकर निर्माता -निर्देशक अनिल शर्मा ने कहा, गदर- एक प्रेम कथा रामायण से प्रेरित कहानी थी। रामायण में जिस तरह से भगवान राम, माता सीता को श्रीलंका से रावण की कैद से छुड़ाकर कर लाए थे। उसी तरह से गदर- एक प्रेम कथा का तारा सिंह अपनी पत्नी सकीना को पाकिस्तान से आजाद करा कर लाया था। माता सीता का भी रावण से छल से अपहरण किया किया था और गदर-एक प्रेम कथा में भी सकीना को उसके पिता छल से भारत से पाकिस्तान लेकर गए थे। 22 साल के बाद फिल्म गदर - एक प्रेम कथा का सीक्वल गदर 2% आ रहा है। अनिल शर्मा ने कहा, इंडस्ट्री के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि जिस लड़के ने फिल्म में बाल कलाकार के तौर पर काम किया। वहीं 22 साल के बाद फिल्म की सीक्वल में काम कर रहा है। फिल्म गदर-एक प्रेम कथा में बेटे उत्कर्ष को लेने का सुझाव अमीषा पटेल का ही था। गदर के समय जब अमीषा पटेल मिलने आती थी तो उस समय उत्कर्ष मेरे साथ खेलता रहता था। हम लोग किसी और बच्चे की तलाश कर रहे थे, लेकिन जब अमीषा पटेल ने उत्कर्ष के बारे में कहा तब मेरा ध्यान उत्कर्ष पर गया। नहीं तो वह पढ़ाई लिखाई करके कुछ और ही बनता। फिल्म गदर-एक प्रेम कथा के सीक्वल को बनने में 22 साल लग गए। फिल्म के निर्माता-निर्देशक अनिल शर्मा कहते हैं, आज जब फिल्म बनकर तैयार हो गई और रिलीज होने जा रही है तो बहुत आसान लग रहा है। लेकिन इसको बनाने में 22 साल लग गए। काफी लंबे समय से सोच रहा था कि गदर 2 की कहानी कैसी होनी चाहिए, लेकिन दिमाग में कोई आइडिया नहीं आ रहा था। और, जब कहानी का आइडिया दिमाग में आया तो सारी चीजें अपने आप बनती है।

# बरेली की बर्फी से लेकर मिमी तक में कृति सेनन ने दिखाया अभिनय का दम

बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कृति सेनन ने दमदार अभिनय से अपनी खास पहचान बनाई है। उन्होंने बॉलीवुड इंडस्ट्री एक से बढ़कर एक कई हिट फिल्में दी हैं। कृति सेनन ने अपने करियर की शुरुआत तेलुगु फिल्म नेनोक्कडीने से की थी, इस फिल्म में वह महेश बाबू के साथ नजर आई थी। वहीं, उन्होंने बॉलीवुड में उन्होंने टाइगर श्रॉफ के अपोजिट फिल्म हीरोपंती से एंट्री की थी। कृति लुका छुप्पी, बरेली की बर्फी और मिमी जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। कृति सेनन अपना 32वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। उनका जन्म 27 जुलाई 1990 को नई दिल्ली में हुआ था। इस खास मौके पर आज हम बात करेंगे उनके द्वारा निभाए पांच दमदार किरदारों के बारे में। तो चलिए शुरू करते हैं... राब्ता सुशांत सिंह राजपूत के साथ कृति सेनन की पहली फिल्म थी। ये एक लव स्टोरी थी जो कि पूर्वजन्म पर आधारित थी। इस फिल्म में कृति सेनन भी दो रोल में नजर आई थीं। भले ही पर्दे पर इस फिल्म को खास सफलता न मिल पाई हो, लेकिन कहानी और इसका म्यूजिक काफी अच्छा था जिसे सराहना मिली है। अश्विनी अय्यर तिवारी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बरेली की बर्फी में कृति सेनन, आयुष्मान खुराना और राजकुमार राव के साथ नजर आई थीं। फ्रांसीसी लेखक निकोलस बैरेउ के उपन्यास द इंग्रेडिएंट्स ऑफ लव पर आधारित इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन किया था। बरेली की बर्फी कृति सेनन बिट्टी मिश्रा के रोल में नजर आई थीं। ये फिल्म बरेली की साधारण सी लड़की की कहानी थी। बॉक्स ऑफिस पर बरेली की बर्फी को खूब प्यार मिला था। साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म लुका छिपी एक अलग कहानी पर आधारित थी। इस फिल्म की कहानी लिव इन रिलेशनशिप पर थी। लुका छिपी में कृति सेनन के साथ कार्तिक आर्यन नजर आए थे। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में मथुरा के रहने वाले गुड्डू को रश्मि से प्यार हो जाता है। गुड्डू रश्मि से शादी के लिए कहता है, लेकिन रश्मि शादी से पहले लिव इन में रहने की बात करती है और यहीं से कहानी में ट्विस्ट आता है। इस फिल्म को पर्दे पर दर्शकों ने खूब पसंद किया था। कृति सेनन की फिल्म पानीपत 2019 में रिलीज हुई थी। ये एक मल्टीस्टारर फिल्म थी। कृति सेनन ने इस फिल्म में पार्वती बाई का किरदार निभाया था जो कि दर्शकों को खूब पसंद आई थी। फिल्म में कृति घुड़सवारी से लेकर तलवारबाजी और युद्ध तक करती नजर आई थीं।









# अजय देवगन के किसिंग सीन से आगबबूला हो गईं काजोल



बॉलीवुड में कई ऐसे अभिनेता-अभिनेत्रियां हैं जो एक दूसरे से शादी के बंधन में बंध चुके हैं। इनमें से ही एक अजय देवगन और काजोल भी हैं। दोनों की गिनती फिल्म इंडस्ट्री के सबसे क्यूट कपल में होती है। शादी के 24 साल बाद भी दोनों काफी अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं। कई मौकों पर दोनों को साथ भी देखा जाता है। दोनों ही सितारे एक दूसरे के काम की काफी ज्यादा सराहना करते हैं। हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी कि एक फिल्म में अजय के एक सीन पर काजोल हद से ज्यादा आगबबूला हो गई थीं। आज के थ्रोबैक थर्सडे में हम आपको यही किस्सा बताने जा रहे हैं। बात फिल्म शिवाय के समय की है। इस फिल्म में अजय देवगन ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में अजय का एक किसिंग सीन था जो काफी ज्यादा चर्चा में था। दरअसल, पर्दे पर अजय देवगन उस समय तक नो किसिंग पॉलिसी अपनाते थे। यही वजह थी कि फिल्म का यह सीन काफी ज्यादा सुर्खियों में था। इस सीन की वजह से काजोल भी काफी ज्यादा नाराज हुई थीं। उनके गुस्से का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अजय देवगन को उनको सॉरी तक कहना पड़ा था। इस किस्से का जिक्र काजोल ने खुद द कपिल शर्मा शो के दौरान किया था। शो में जब कपिल ने काजोल से पूछा कि पर्दे पर अजय को किस करते हुए देखकर उनकी कैसी प्रतिक्रिया थी। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मैं फिल्म की प्रोड्यूसर थी, फिर भी मुझे इसके बारे में नहीं बताया गया था। हालांकि, बाद में उन्होंने मुझसे इसको लेकर माफी मांगी। शो में काजोल ने बताया कि अजय के माफी मांगने के बाद उन्होंने उन्हें माफ कर दिया था। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में अजय देवगन भोला में नजर आए थे। इस फिल्म के बाद वह मैदान में दिखने वाले हैं। इसके अलावा उनके पास नीरज पांडे की फिल्म औरों में कहा दम था, रेड 2 और गोलमाल 5 और सिंघम 3 जैसी फिल्में भी हैं।

# मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ से रोहित की मुलाकात

*रोहित शेट्टी अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन के साथ बड़ा धमाका करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। निर्देशक ने सिंघम अगेन की शूटिंग के सिलसिले में मॉरीशस के प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। बॉलीवुड के चर्चित निर्देशकों में शामिल रोहित शेट्टी इन दिनों अपने कॉप यूनिवर्स को बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। निर्देशक इस समय अपनी सुपरहिट कॉप फ्रेंचाइजी सिंघम की अगली फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा बटोर रहे हैं। जहां कुछ दिनों पहले रोहित शेट्टी ने साझा किया था कि फिल्म की स्टोरी पर काम शुरू कर चुके हैं, वहीं अब खबर आ रही है कि निर्देशक ने सिंघम अगेन की शूटिंग के सिलसिले में मॉरीशस के प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। रोहित शेट्टी अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन के साथ बड़ा धमाका करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और करीना कपूर समेत कई बड़े नाम*



*शामिल हैं। रोहित की यह फिल्म प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और अगले कुछ महीनों में इसकी शूटिंग शुरू की जा सकती है। इसी के चलते हाल ही में रोहित शेट्टी मॉरीशस पहुंचे, जहां उन्हें प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ के साथ मुलाकात की रोहित शेट्टी संग हुई इस मुलाकात के बाद में मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने निर्माता-निर्देशक के साथ अपनी मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा फेसबुक पर साझा कीं। इन तस्वीरों के साथ पीएम प्रविंद जुगनाथ ने सिंघम अगेन का इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक खुशखबरी भी साझा की। दरअसल, मॉरीशस के प्रधानमंत्री के घोषणा की कि रोहित शेट्टी अक्तूबर से उनके देश में शूटिंग करेंगे। उन्होंने यह भी लिखा कि सिंघम जैसी फिल्मों की बदौलत रोहित शेट्टी के देश में कई प्रशंसक हैं। बता दें, मॉरीशस के पीएम के साथ रोहित शेट्टी की यह पहली मुलाकात नहीं थी। साल 2015 में जब निर्देशक अपनी फिल्म दिलवाले के लिए शूटिंग लोकेशन तलाश रहे थे।*

## 19 अगस्त तक नए ब्रॉडकास्टर का ऐलान संभव

# BCCI मीडिया राइट्स...दो दिनों में जारी हो सकता है टेंडर, डिजिटल और टीवी के राइट्स अलग-अलग होंगे

**नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) 25 जुलाई तक BCCI मीडिया राइट्स 2023-27 के लिए टेंडर जारी करेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, BCCI और उसके सलाहकार अर्न्स्ट एंड यंग ने संभावित ब्रॉडकास्टर्स को सूचित किया है कि टेंडर आज यानी सोमवार, नहीं तो मंगलवार (25 जुलाई) तक जारी किए जाएंगे।

मीडिया राइट्स की बिक्री का ऐलान 19 अगस्त हो सकता है, क्योंकि BCCI ने इस तारीख तक ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर के नाम का ऐलान करने का लक्ष्य रखा है। ये राइट्स भारत में होने वाले मैच के लिए रहेंगे। वर्ल्ड कप 2023 से पहले भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज के लिए नए ब्रॉडकास्टर्स के शामिल होने की उम्मीद की जा रही है। इस बार भी मीडिया राइट्स की डील पांच साल (2023 से 2027 तक) की होगी।

BCCI इस बार टीवी और डिजिटल के लिए अलग-अलग मीडिया राइट्स बेचेगा। पिछली बार भारतीय बोर्ड ने मीडिया राइट्स को 6138.10 करोड़ रुपए में डिज्नी स्टार



को बेचे थे। जिसमें प्रति इंटरनेशनल मैच करीब 60.1 करोड़ रुपए थे।

### ई-नीलामी होने की संभावना

ब्रॉडकास्टर्स को अभी तक नीलामी प्रक्रिया के बारे में सूचित नहीं किया गया है, लेकिन ई-नीलामी होने की संभावना है। BCCI की पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) मीडिया राइट्स की ब्लॉकबस्टर बिक्री को देखते हुए माना जा रहा है कि बिक्री ऑनलाइन बोली के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

नई डील के तहत आने वाले मैचों की सही संख्या पर अभी भी चर्चा चल रही है। लेकिन, संभावना है कि इस डील में करीब 100 द्विपक्षीय मैच शामिल होंगे। पिछले साइकल में 103 मैच थे। पिछले साइकल की तुलना में नए साइकल में टी-20 ज्यादा और वनडे कम होंगे क्योंकि वनडे में दर्शकों की दिलचस्पी कम हो गई है, वहीं टेस्ट मैचों की संख्या समान रहने की संभावना है।

### बजरंग-विनेश के विरोध में आए कॉमनवेल्थ चैंपियन दीपक पूनिया

ओलिंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को बिना ट्रायल से एशियन गेम्स भेजने के फैसले का विरोध बढ़ता जा रहा है। एडहॉक कमेटी के फैसले को कोर्ट में चुनौती दे रहे जूनियर पहलवानों को कॉमनवेल्थ गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट दीपक पूनिया का साथ मिला। ओपन ट्रायल्स में 57 किग्रा वेट कैटेगरी के चैम्पियन अमन सहरावत ने भी कहा कि जब ओलिंपिक मेडलिस्ट रवि दहिया ट्रायल्स हार सकते हैं तो बजरंग और विनेश क्यों नहीं दोनों रेसलर ने ओपन ट्रायल्स के बाद बिना ट्रायल किसी भी वेट कैटेगरी में चयन सही नहीं है। ट्रायल में टॉप करने वाले पहलवान ही एशियन गेम्स में जाने के हकदार हैं। कॉमनवेल्थ गोल्ड जीतने वाले दीपक पूनिया ने रविवार को 86 किग्रा वेट कैटेगरी में क्वालिफाई किया। 57 किग्रा वेट कैटेगरी में अमन सहरावत जीते। इसी कैटेगरी में ओलिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट रवि दहिया को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा।

## भारत-वेस्टइंडीज दूसरा टेस्ट... जीत से 8 विकेट दूर टीम इंडिया



**नई दिल्ली**

त्रिनिदाद में बुधवार और गुरुवार को बारिश ने खलल डाला। बारिश मैच के आखिरी दिन भी आ सकती है। एक्यूवेदर वेबसाइट के अनुसार, पोर्ट ऑफ स्पेन में सोमवार का टेम्परेचर 24 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। तेज हवा के साथ बारिश की संभावना भी है।

### अश्विन-जडेजा की जोड़ी के 500 टेस्ट विकेट पूरे

रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने मिलकर 500 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं। यानी दोनों ने साथ में टेस्ट खेलते हुए 500 शिकार कर लिए हैं, इनमें अश्विन ने 274 और जडेजा ने 226 विकेट हासिल किए। टॉप विकेट-टेकर इंडियन स्पिन जोड़ी की बात करें तो हरभजन सिंह ने अनिल कुंबले के साथ मिलकर सबसे ज्यादा 501 विकेट लिए हैं। अश्विन या जडेजा पांचवें दिन 2 विकेट लेते ही इस रिकॉर्ड को तोड़ देंगे।

### सिराज बोले- फ्लैट पिच पर 5 विकेट लेना आसान नहीं

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारत-वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट मैच त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन भारत से मोहम्मद सिराज ने फ्लैट पिच पर 5 विकेट लिए, वहीं विकेटकीपर बैटर ईशान किशन ने 33 गेंद पर फिफ्टी लगाई और 52 रन की नॉट आउट पारी खेली। मैच के बाद ईशान ने कहा, वेस्टइंडीज आने से पहले हृष्ट में ऋषभ (पंत) से बातें कीं। उन्होंने मुझे कुछ बैटिंग टिप्स दीं, जिनसे मैं अच्छा परफॉर्म कर सका। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, फ्लैट विकेट पर 5 पिच लेना आसान नहीं था। लेकिन बॉल रिवर्स स्विंग हो रही थी, मैंने उसी का फायदा उठाया।

# अर्थ बाजार

## बाजार भाव

**किराना :-** शक्कर 3820-3850, खोपरा गोला 115-130, खोपरा बूरा 1900-3300 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 520-525, ऊंझा हल्का 550-575, मीडियम 580-585, बेस्ट 620-625, हल्दी निजामाबाद 150-160, सांगली 220-250, साबूदाना हल्का 6500-6700, मीडियम 6800-7000, बेस्ट 7400-7700, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 275-288, मीडियम 295-345, बेस्ट 365-395, सौंफ बारी?क 360-390, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 625-645, गरबल 550-600, मटर दाना 650-695, खसखस अनक्लीन 675-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-275, बेस्ट 300, जायफल 675-725, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 2000-2050, केसर 125-145, बेस्ट 155-165, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 680-710, बेस्ट 725-740, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 600-800, पूजा बादाम 90-100, बेस्ट 160-165, पूजा सुपारी 460-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 875-900, विरूद्ध नगर 1025-1075, मीडियम 1225-1325, बोल्ड 1425-1550, एक्ट्रा बोल्ड 1600-1825, पानबार 850-950, बड़ी इलायची 600-700, बेस्ट 725-875, तरबूज मगज 525-550, काजू (240) 650-660, काजू (320) 660-700, काजू डब्ल्यू वन 650-660, एस. डब्ल्यू (300) 650-660, एस.एस. डब्ल्यू 650-655, काजू जे.एच. 660-680, टुकड़ी 625-660, बादाम मगज 700-830, एवरेज 675-700, सिंगापुरी 690-700, अखरोट 385-425, बेस्ट 550-600, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 425-650, बेस्ट 740-750, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1350-1360, मैदा कट्टा 1360-1370, रवा कट्टा 1400-1410, बेसन 3400 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1500-1550, (160) 1550-1600, (200) 1600-1650, (250) 1600-1650

**तेल :-** सींगदाना 1880-1900, मुम्बई 1850, राजकोट तेलिया 3030, सोया साल्वेंट 935-940, सोया रिफाइंड 960-965, कपास्या 930, धूलिया 935, कड़ी 935,

**तिलहन :-** सरसो 6200-6300, रायडा 4700-5000, सोयाबीन 4700-4900, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 5250-5275, एवरेज 4950-5000,


## 2022-2023 के लिए 0.05% बढ़ाया, 1 लाख जमा पर 8150 इंटरेस्ट मिलेगा

# PF पर 8.15% मिलेगा ब्याज, सरकार की मंजूरी

**नई दिल्ली**

सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रोविडेंट फंड (PF) अकाउंट पर 8.15% ब्याज को मंजूरी दे दी है। एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) ने मार्च में ब्याज दरें 0.05% बढ़ाने की सिफारिश की थी। यानी अगर आपके 1 लाख रुपए जमा है तो इस पर साल में 8,150 रुपए का ब्याज मिलेगा। EPFO ने 24 जुलाई (सोमवार) को इसका ऑर्डर जारी किया।

देश के 6 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी PF के दायरे में आते हैं। EPFO एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस DA का 12% PF अकाउंट में जाता है। कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस DA का 12% कॉन्ट्रीब्यूट करती है। कंपनी के 12% कॉन्ट्रीब्यूशन में से 3.67% PF अकाउंट में जाता है और




बाकी 8.33% पेंशन स्कीम में जाता है।

1952 में PF पर ब्याज दर केवल 3% थी। हालांकि, इसके बाद इसमें बढ़ोतरी होती गई। पहली बार 1972 में यह 6% के ऊपर पहुंची। 1984 में यह पहली बार 10त्न के ऊपर पहुंची। PF धारकों के लिए सबसे अच्छा समय 1989 से 1999 तक था।

इस दौरान PF पर 12% ब्याज मिलता था। इसके बाद ब्याज दर में गिरावट आनी शुरू हो गई। 1999 के बाद ब्याज दर कभी भी 10% के करीब नहीं पहुंची। 2001 के बाद से यह 9.50त्न के नीचे ही रही है। पिछले सात सालों से यह 8.5% या उससे कम रही है।

### यहां समझें PF पर अब कितना ज्यादा मिलेगा ब्याज

मान लीजिए आपके PF अकाउंट में 31 मार्च 2023 तक कुल 5 लाख रुपए जमा हैं। ऐसे में अगर 8.10% की दर से ब्याज मिलता तो 5 लाख पर 40,500 रुपए ब्याज के रूप में मिलते। लेकिन अब ब्याज दर को बढ़ाकर 8.15% करने के बाद आपको 40,750 रुपए मिलेंगे।

PF में ब्याज दर के फैसले के लिए सबसे पहले फाइनेंस इन्वेस्टमेंट एंड ऑडिट कमेटी की बैठक होती है। यह इस फाइनेंशियल ईयर में जमा हुए पैसों के बारे में हिसाब देती है। इसके बाद CBT की बैठक होती है।

### निर्धारित समय अवधि में भरें क्रेडिट कार्ड का बिल, नहीं तो भरना होगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** अगर आप क्रेडिट कार्ड उपयोग हैं तो निर्धारित तारीख के कॉन्सेप्ट से वाकिफ होंगे। जो लोग अभी इसे लेकर किसी दुविधा में हैं उन्हें बता दें कि यह वह तिथि होती है जिस दिन आपको अपने क्रेडिट कार्ड से किए खर्च का बिल भुगतान करना होता है। अगर आप ?निर्धा?रित तारीख के दिन तक बिल भुगतान नहीं करते तो बैंक आप पर अच्छी-खासी पेनल्टी लगा सकता है। हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि निर्धारित तिथि बीतने के बाद भी बगैर पेनल्टी के बिल भुगतान किया जा सकता है।

### वर्क फ्रॉम होम के लिए कम वेतन लेने को तैयार कर्मचारी

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुआ वर्क फ्रॉम होम का कल्चर तेजी से बढ़ा है। आलम यह है कि अब लोग ऑफिस जाने के बजाय घर से काम करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इतना ही नहीं बड़ी संख्या में कर्मचारी इस लचीली व्यवस्था को वेतन से ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं।

## गोवा में जनवरी 2024 से सभी टूरिस्ट वाहन ईवी होंगे

**पणजी**

गोवा की सांवत सरकार ने घोषणा की हैं कि सभी टूरिस्ट वाहन जनवरी 2024 से इलेक्ट्रिक होंगे, जिसमें कार और बाइक शामिल हैं। इसके अलावा मौजूदा वाहनों को जून 2024 तक इलेक्ट्रिक किया जाना चाहिए। पुरानो वाहन मालिकों के पास केवल 6 महीने का समय है, जिसमें वह अपनी कैब वाली गाड़ियों को इलेक्ट्रिक पावरट्रेन में बदलाव करवा सकते हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि जनवरी 2024 से सभी नए पर्यटक वाहन, कैब और बाइक रेंटल ईवी होंगे। वहीं जनवरी 2024 से खरीदे गए नए सरकारी हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) अनिवार्य रूप से ईवी होंगे। कई पर्यटक टैक्सियां रखने वाले परमिट धारकों के लिए, बाइक किराए पर लेना और कैब ऑपरेटर को जून 2024 तक बेड़े के 30 प्रतिशत को ईवी में वापस लाना अनिवार्य होगा। सीएम सावंत ने कहा कि 2021 में सब्सिडी शुरू होने के बाद से राज्य में ईवी स्वामित्व 0.2 प्रतिशत से बढ़कर 9.4 प्रतिशत हो गया है। राज्य ने इस समय में नई सब्सिडी शुरू करने की भी योजना बना रहा है जब केंद्र सरकार ने फेम-2 योजना के तहत दी जाने वाली रियायतों में कटौती की है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)